बच्चों का टीकाकरण

यह आलेख सामान्य अध्ययन प्रश्न पत्र-III (विज्ञान और तकनीक) से संबंधित है।

द हिन्दू

13 अक्टूबर, 2021

जैसे-जैसे को-वैक्सीन बच्चों के लिए अनुमोदन के करीब आ रही है, वैसे-वैसे डेटा की पारदर्शिता भी महत्वपूर्ण होती जा रही है।

एक 'मील के पत्थर' के रूप में, विषय विशेषज्ञ समिति (एसईसी) की 2-18 वर्ष की आयु के बच्चों के बीच को-वैक्सीन को आपातकालीन उपयोग प्राधिकार देने के लिए यह ड्रग कंट्रोलर की एक बहुत बड़ी सिफारिश है।

यदि भारत के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) इस पर आगे बढ़ते हैं और अनुमोदन प्रदान करते हैं, तो यह भारत में बच्चों को दिया जाने वाला पहला टीका होगा। जबकि एक अन्य वैक्सीन, *'जायकोव-डी'* जिसे आपातकालीन उपयोग प्राधिकार प्रदान किया गया है, इसे अभी भी प्रशासित किया जाना है।

बच्चों के लिए *'सीरम इंस्टीट्यूट'* के कोवोवैक्स के साथ परीक्षण शुरू हो गया है, हालांकि बच्चों में वास्तविक उपयोग के लिए किसी भी अन्य कोविड-19 वैक्सीन की समय सीमा का विस्तार करना आवश्यक है। इस मोर्चे पर, यह एक छोटी अवधि के भीतर एक जबरदस्त उपलब्धि की तरह लगता है। हालांकि डेटा ने विषय विशेषज्ञ समिति को आश्वस्त किया है यही इसकी सुविचारित सिफारिश करने का कारण भी है। विषय विशेषज्ञ समिति की घोषणा के समय कोई भी वैक्सीन सार्वजनिक डोमेन में नहीं है।

भारत बायोटेक ने डीसीजीआई को चरण II/III परीक्षणों से अंतरिम डेटा प्रस्तुत किया, क्योंकि इस मामले में सुरक्षा काल अपेक्षाकृत लंबा है। रिपोर्टों के अनुसार, दो खुराक के एक महीने बाद, एक इम्युनोजेनेसिटी जांच और सुरक्षा फॉलोअप कार्रवाई की जाती है। कंपनी ने दावा किया कि अभी तक अर्जित डेटा से संकेत मिलता है कि जिस वैक्सीन का इस्तेमाल किया गया था वह उत्पाद और प्रस्तुति के स्तर पर वयस्क वैक्सीन के रूप में भी सुरक्षित थी। इस साल मई में बच्चों पर परीक्षण करने की मंजूरी मिलने के बाद, दो खुराक वाली को-वैक्सीन को 28 दिनों के अंतराल पर 525 बच्चों को ट्रायल के रूप में दिया गया।

इस ट्रायल में इस बात को ध्यान में रखा गया कि महामारी का संभावित रूप कोई भी हो लेकिन परीक्षणों में उत्पन्न परिणाम से जुड़े वैज्ञानिक डेटा को और अधिक पारदर्शी बनाया जाए। अन्य वैक्सीन परीक्षणों के डेटा को नियमित रूप से न कि केवल राज्य नियामकों के पास बल्कि सार्वजनिक क्षेत्र में भी पोस्ट किया गया है।

बच्चों के साथ वैक्सीन या ड्रग रेजिमेंस पर काम करना, कई मोर्चों पर चुनौतीपूर्ण है। और इसे शुरू करने के लिए, यह केवल बच्चों के लिए वयस्क खुराक को कम करने का मामला मात्र नहीं है।

बच्चों में अलग-अलग विकासात्मक और शारीरिक अंतर होते हैं, और विश्व स्वास्थ्य संगठन अनुशंसा करता है कि बच्चों के लिए सर्वोत्तम संभव उपचार निर्धारित करने के लिए आयु-विशिष्ट, अनुभवजन्य रूप से सत्यापित उपचारों और हस्तक्षेपों को विकसित करने के लिए बच्चों में नैदानिक परीक्षण आवश्यक हैं।

उनके शरीर बहुत अलग तरीके से काम करते हैं और जैसे-जैसे वे शैशवावस्था से किशोरावस्था और वयस्कता की ओर बढ़ते हैं, वे कई बदलावों से गुजरते हैं। यही बात है कि बच्चों से जुड़े परीक्षणों में आयु-वृद्धि अध्ययन की मांग सबसे जरूरी है।

एक और सवाल विशेषज्ञ उठा रहे हैं कि क्या 525 बच्चों का समूह आपातकालीन उपयोग प्राधिकार के लिए पर्याप्त बड़ा है या वैक्सीन लगने वाले बच्चों की बड़ी संख्या को देखते हुए इसमें वृद्धिशील संख्या को भी जोड़ा जाना चाहिए था? इनमें से कई प्रश्नों को डेटा के प्रकाशन के साथ आसानी से संबोधित किया जाता है। जबकि सच्चाई यही है कि इस कदम ने वास्तव में समुदाय में असाधारण उम्मीदें जगाई हैं।

डीसीजीआई, जो कि विषय विशेषज्ञ समिति की सलाह पर विचार करता है, को उठाई गई चिंताओं को दूर करना चाहिए और जनता में विश्वास पैदा करने के अलावा, पारदर्शिता के मुद्दे को वैज्ञानिक दृष्टिकोण की आधारशिला के रूप में उसके सही स्थान पर बहाल करना चाहिए।

GS World
Committed To Excellence

संभावित प्रश्न (प्रारंभिक परीक्षा)

प्र. अभी हाल ही में भारत मे किस वैक्सीन को बच्चों को लगाने के लिए आपातकालीन उपयोग प्राधिकार देने की सिफारिश की गई है?

(a) कोविशिल्ड

(b) को-वैक्सीन

(c) जायरोव-डी

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Expected Questions (Prelims Exams)

Q. Recently which vaccine in India has been recommended for emergency use authorization for children?

(a) Covishield

(b) Co-vaccine

(c) Zyrov-D

(d) None of the Above

संभावित प्रश्न (मुख्य परीक्षा)

प्र. 'बच्चों को लेकर वैश्विक स्तर पर कोविड-19 से सुरक्षा हेतु टीकाकरण एक महत्वपूर्ण मुद्दा है जिसे जल्द पूरा किया जाना आवश्यक बताया जा रहा है किंतु इसके अभी तक परीक्षण एवं निष्कर्ष इसकी तत्काल मंजूरी पर संदेह भी उठा रहे हैं।' इस कथन का विश्लेषण कीजिये। (250 शब्द)

Q. 'Vaccination of children is an important issue for protection against Covid-19 globally, which is said to be urgently completed, but its trial and findings so far are also raising doubts about its immediate approval.' Analyse this statement. (250 Words)

Committed To Excellence

नोट :- अभ्यास के लिए दिया गया मुख्य परीक्षा का प्रश्न आगामी UPSC मुख्य परीक्षा को ध्यान में रख कर बनाया गया है। अतः इस प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए आप इस आलेख के साथ-साथ इस टॉपिक से संबंधित अन्य स्त्रोतों का भी सहयोग ले सकते हैं।